आज समाज 12/03/2026

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के मैनेजमेंट विभाग द्वारा बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियो ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में बिजनेस, मैनेजमेंट, अर्थव्यवस्था तथा करंट अफेयर्स से जुड़े विषयों के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान के दायरे को विस्तृत करने के साथ-साथ उनकी विश्लेषणात्मक क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी मजबूत बनाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और अपने ज्ञान को अद्यतन रखने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया। विभिन्न रोचक राउंड्स के माध्यम से प्रतिभागियों की बिजनेस नॉलेज, त्वरित निर्णय क्षमता और टीमवर्क का परीक्षण किया गया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और सभी टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद गौरव भारद्वाज, दक्ष वैष और

विजेताओं को स्टीफिकेट वितरित करते हुए।

रितिक मल्होत्रा की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं तन्वी, नैना और हर्ष गुरे की टीम दूसरा स्थान, जबकि ईशान गुप्ता, प्रीति और आदमय सैनी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के सफल संचालन और आयोजन में डॉ. अमिता तथा उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। उनके कुशल नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रवनीत ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों, फैकल्टी सदस्यों और उपस्थित विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।